# कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा।

## विज्ञापन संख्या– 01 / 2024

1. जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा में एल0 ए0 डी0 सी0 एस0 के कार्यालय में पूर्णतः अनुबंध के आधार पर (शुरूवात में एक वर्ष के लिए जो कार्य संतोषजनक पाये जाने पर पुनः एक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकेगा) कार्यालय सहायक / लिपिक–सह–रिसेप्सनिस्ट–सह– डाटा इंट्री ऑपरेटर (टाईपिस्ट), एवं कार्यालय पिउन (मुंशी / परिचारक) की नियुक्ति हेतु योग्य उम्मीदवारों से विहित पत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

2. रिक्तियों की विवरणी निम्नांकित हैं :–

| क0 सं0 | पदनाम | कुल रिक्त पद |
|---|---|---|
| 1. | कार्यालय सहायक / लिपिक–सह–रिसेप्सनिस्ट–सह–डाटा इंट्री ऑपरेटर (टाईपिस्ट) | 01 |
| 2. | कार्यालय पिउन (मुंशी / परिचारक) | 01 |

3. शैक्षणिक योग्यता एवं मानदेय :– पदों की शैक्षणिक योग्यता एवं मानदेय निम्न है :–

| क0 सं0 | पदनाम | मानदेय (प्रतिमाह) | योग्यता | भर्ती का तरीका |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कार्यालय सहायक / लिपिक–सह–रिसेप्सनिस्ट–सह–डाटा इंट्री ऑपरेटर (टाईपिस्ट) | 15000 / – | स्नातक या समकक्ष तथा बुनियादी वर्ड प्रोसेसिंग कौशल और कंप्युटर संचालित करने की योग्यता एवं डाटा फीड करने एवं इंट्री का अनुभव, याचिका के उचित सेटिंग के साथ अच्छे टाईपिंग की गति, श्रुतिलेख लेने एवं अदालत में प्रस्तुतियों के लिए फाइलें तैयार करने एवं संधारित करने की क्षमता। | लिखित परीक्षा एवं साक्षातकार |
| 2. | कार्यालय पिउन (मुंशी / परिचारक) | 10000 / – | मैट्रिक या समकक्ष | स्किनिंग टेस्ट एवं साक्षातकार |

4. उम्मीदवार भारत का नागरिक हो, मानसिक, शारीरिक रूप से स्वस्थ हो,नैतिक चरित्र अच्छा हो एवं किसी आपराधिक आचरण वाले किसी मामले में वांछित या सजा याफ्ता न हो तथा विवाहित होने की स्थिति में उनका एक से अधिक जीवित पत्नी / पति न हो।

5. उपरोक्त पदों पर उम्मीदवारों की उम्र सीमा दिनांक 31.05.2024 को कम से कम 18 वर्ष तथा सामान्य जाति के लिए अधिकतम 35 वर्ष, पिछड़ी जाति / अत्यंत पिछड़ी जाति के लिए अधिकतम 37 वर्ष, महिलाओं के लिए अधिकतम 38 वर्ष तथा अनुसूचित जाति / जनजाति पुरुष महिला के लिए अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए।

6. अपनी उम्र, शैक्षणिक तथा वांछित योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति एवं आरक्षित वर्ग के आवेदक आरक्षण से संबंधित प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति आवेदन के साथ संलग्न करें।

7. उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र देवनागरी लिपि में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा को संबोधित करते हुए विहित प्रारूप में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में विज्ञापन की तिथि से कार्यालय अवधि के दौरान सुबह 07:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा अथवा हाथों हाथ जमा कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 18.06.2024 है। अंतिम तिथि पर आवेदन अपराह्न 01:00 बजे तक निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा अथवा हाथों हाथ स्वीकार किये जायेंगे। उपरोक्त तिथि और समय के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

8. आवेदक, आवेदन पत्र के साथ तीन अद्यतन पासपोर्ट साईज का फोटोग्राफ संलग्न करें, जिसमें एक आवेदन पत्र पर सटा रहना चाहिए एवं दो अतिरिक्त पासपोर्ट साईज का फोटोग्राफ आवेदन के साथ संलग्न करें। स्व0 पता लिखा लिफाफा 25 से0 मी0 X 11 से0 मी0 (प्रवेश पत्र पर निर्गत करने हेतु) जिस पर 40/– रूपये का डाक टिकट सटा हुआ हो, आवेदन पत्र के साथ संलग्न हो।

9. महत्वपूर्ण निर्देश :–

i. आवेदन पत्र का प्रारूप क एवं ख के प्रारूप को पृथक पन्नों में आवेदन के साथ संलग्न करें। प्रपत्र क के प्रारूप को हिन्दी में भरें जो स्वहस्ताक्षरित हो। आवेदन प्रपत्र ख को अपनी लिखावट में भर कर आवेदन के साथ संलग्न करें। प्रपत्र ख की कंडिका 4 एवं 5 को छोड़कर अन्य कंडिकाएँ आवेदक स्वयं भरें। आवेदन पत्र का प्रारूप व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा की वेबसाइट https://districts.ecourts.gov.in/simdega से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

ii. आवेदकों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, (व्यवहार न्यायालय), सिमडेगा में आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक वांछित शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

iii. उम्मीदवार एक आवेदन पत्र पर केवल एक ही पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

iv. उपरोक्त वांछित सूचनाएँ किसी प्रकार से अपूर्ण होने पर अथवा वांछित प्रमाण पत्र संलग्न नहीं रहने पर उम्मीदवार का आवेदन किसी भी समय रद्द कर दिया जायेगा और तत्संबंधी किसी भी प्रकार का पत्राचार अमान्य होगा।

v. आवेदक का प्रवेश पत्र, जिसमें परीक्षा/साक्षात्कार का स्थान एवं तिथि अंकित होगी, उनके दर्शाये गये पते पर डाक द्वारा भेजा जायेगा।

vi. उम्मीदवार द्वारा नियुक्ति प्रकिया को किसी भी रूप से प्रभावित करने के प्रयास को उनकी अयोग्यता मानते हुए उनकी अभ्यर्थिता तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी जायेगी।

vii. लिफाफे के उपर विज्ञापन संख्या, आवेदित पद का नाम एवं श्रेणी बड़े–बड़े एवं साफ अक्षरों में लिखा जाना आवश्यक है।

viii. वर्तमान विज्ञापन में किसी भी प्रकार का संशोधन अथवा निरस्तीकरण का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

ix. परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने पर कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

x. आवेदन भेजने का पता (निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट या हाथों हाथ)

सेवा में,

सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
(व्यवहार न्यायालय), सिमडेगा।
पिन कोड – 835223

ह0/–
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
(व्यवहार न्यायालय), सिमडेगा।

## आवेदन–पत्र का प्रारूप (क)

आवेदन पत्र निम्नलिखित प्रपत्र में निबंधित डाक द्वारा अथवा हाथों हाथ भेजें

विज्ञापन संख्याः 01/2024

| राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएँ। |
|---|

पदनामः

1. आवेदक का नामः
   क. हिन्दी में:..............................................
   ख. अंग्रेजी में (बड़े अक्षरों में):.......................................................

2. पिता/पति का नामः...........................................................
3. जन्म तिथिः........................................................
   (प्रमाण पत्र की स्व–अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें)
4. दिनांक 01.08.2023 को आवेदक की आयुः..............वर्ष..............महीना..............दिन.........
5. स्थायी पता(पिन कोड के साथ):...........................................................................................
   .............................................................................................................................
   .............................................................................................................................
6. पत्राचार का पता (पिन कोड के साथ):...............................................................................
   .............................................................................................................................
   .............................................................................................................................
7. मोबईल नंबर यदि कोई होः.......................................
8. ई–मेल आईडी, यदि कोई होः...............................................
9. राष्ट्रीयताः...........................................
10. शैक्षणिक एवं व्यवसायिक योग्यताएँ (स्व अभिप्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करें):

| परीक्षा उत्तीर्ण | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | अंक प्रतिशत | वर्ग/श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| मैट्रिक | | | | |
| इंटर | | | | |
| स्नातक | | | | |
| अन्य कोई योग्यता | | | | |

11. विशेष योग्यता, यदि कोई हो (प्रमाण पत्र संलग्न करें):.........................................................
12. क्या अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के सदस्य हैं? (यदि हाँ तो प्रमाण पत्रसंलग्न करें)

    कोटि (कृपया ( ) चिन्ह लगायें) :–
    1. सामान्य– ......................
    2. ई0 बी0 सी0 (अनुसूचि– I)..............................
    3. बी0 सी0 (अनुसूचि– II)..............................
    4. अ0 जा0 .................................
    5. अ0 ज0 जा0 ................................
    6. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) ...........................................................

13. लिंग (कृपया स्पष्ट करें) :– ...............................
14. क्या निःशक्त हैं ? हाँ :.................................... नही :..........................
15. क्या वर्तमान में किसी सरकारी संस्थान/निगम में कार्यरत हैं (हाँ/ना)
    यदि हाँ, तो (अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करें)
    1. विभाग/संस्थान का नाम –
    2. धारित पद का नाम –
    3. कब से –

## घोषणा पत्र

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि इस आवेदन में मेरे द्वारा दी गयी विवरणी मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि न तो मेरे विरूद्ध कोई आपराधिक वाद लंबित है और न ही मुझे किसी न्यायालय द्वारा दंडित किया गया है और न ही किसी नैतिक दूराचार से संबंधित किसी वाद में संलिप्त या संबंधित हों। मैं अवगत हूँ कि मेरे द्वारा उपर्युक्त किसी भी सूचना के गलत पाये जाने पर मेरी अभ्यर्थिता चयन के किसी भी स्तर पर रद्द की जा सकती है और मुझे परीक्षा/साक्षात्कार में उपस्थिति से प्रतिबंधित किया जा सकता है। मैं यह भी जानता हुँ कि गलत या असत्य सूचना के आधार पर इन नियमों के अंतर्गत मेरी नियुक्ति होती है तो मेरी नियुक्ति समाप्त/रद्द कर दी जायेगी और मेरे विरूद्ध आपराधिक/दांडिक कानुनों के तहत अभियोजन की प्रकिया प्रारंभ की जा सकती है।

दिनांकः

आवेदक का हस्ताक्षर

स्थानः

प्रवेश – पत्र (ख)

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, (व्यवहार न्यायालय), सिमडेगा।

कमांक संख्या :–
(कार्यालय द्वारा भरा जायेगा)

फोटो
चिपकायें

(अभ्यर्थी द्वारा भरा जायेगा)

1. आवेदक का नाम :– ................................

2. पिता/पति का नाम :– ................................

3. पत्राचार का पता :–.........................................................................................................................................
.................................................................................................................

4. साक्षात्कार की स्थान/केन्द्र :–.........................................................................................
(कार्यालय द्वारा भरा जायेगा)

5. साक्षात्कार की तिथि :–..................................................................................................
(कार्यालय द्वारा भरा जायेगा)

दिनांक :